# जनकल्याण शिविर में आए 280 आवेदन, कलेक्टर ने शिविरों का किया निरीक्षण



## तिलक हॉल, रेडक्रॉस भवन में आवेदन प्राप्त हुए

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने के लिए 12 जून से 18 जून तक प्रदेश के सभी जिलों में विशेष जन कल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इन शिविरों में शासकीय योजनाओं के नए आवेदन लेने के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है

शिविर दिनांक 12 जून से 15 जून 2026 तक वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक तिलक हॉल में तथा वार्ड क्रमांक 25 से 39 रेडक्रॉस भवन पानी की टंकी के पास जयस्तंभ के पास आयोजन किया गया जिसमें तिलक हॉल कुल आवेदन 121 तथा रेडक्रॉस भवन में 159आवेदन दोनों शिविर में कुल आवेदन 280 प्राप्त हुए कलेक्टर श्री हर्ष सिंह , अपर कलेक्टर सृजन वर्मा ने दोनों स्थानों के शिविरों का और निरीक्षण करते हुए अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी हर एक हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचे।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने आधार कार्ड बनानेए संबल योजना पेंशन योजना खाद्य पात्रता पर्ची से संबंधित,आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने सभी आवेदनों के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए,ताकि पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

इस दौरान जिला कलेक्टर हर्ष सिंह,अपर कलेक्टर जिला पंचायत सी ई ओ सृजन वर्मा,नगर एस डी एम अजमेर सिंह गौर,जिला जन संपर्क अधिकारी आशा उइके,सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा, तहसीलदार नितिन चौहान योजना प्रभारी संजय शाह राजस्व अधिकारी शशिकांत पवित्रे, योगेश्वर पाटिल,इशाक खान,सुरेश यादव,अनुज तारे , रेबेका विचुरकर आदि निगम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

## नगर परिषद् शाहपुर ने किया जनकल्याणकारी योजनाओं के शिविर का आयोजन



**नवभारत न्यूज,शाहपुर।** नगरीय क्षेत्र शाहपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन निर्देशानुसार हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से श्जनकल्याणकारी योजनाओ के शिविरोश् का आयोजन दिनांक 12 जून 2026 से 18 जून 2026 तक करने हेतु केलेंडर जारी किया गया है जिसमे विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जावेंगा ! कलेक्टर श्री हर्षसिह के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी,अध्यक्ष नगर परिषद् शाहपुर के आदेशानुसार दिनांक 15/06/2026 को नगर के श्री महात्मा ज्योतिबा फुले ;ऐसी चौराहा पर अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी द्वारा परिषद् पदाधिकारियों, अधिकारियो कर्मचारियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण कर लाभान्वित किया गया ।आयोजित जनकल्याणकारी योजनाओं के शिविर में नागरिकों से विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए, जिनमे वृद्धावस्था पेंशन 03, कल्याणी पेंशन 04, पीएम स्वनिधि 09, लाडली लक्ष्मी पंजीयन 03, आधार कार्ड संशोधन 06, नामांतरण 02, आधार कार्ड



संशोधन 03,आयुष्मान कार्ड 31,आयुष विभाग से मरीजो का परिक्षण 52, केसीसी पशुपालन 02, जन्म प्रमाण पत्र 05,मृत्यु प्रणाम पत्र 03 इस प्रकार 123 आवेदन प्राप्त हुवे है। दिनांक 12/06/2026 को नगर के डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर चौराहा पर अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में वृद्धावस्था पेंशन 06,कल्याणी पेंशन 01, विधवा पेंशन 02, पीएम स्वनिधि 08, मातृत्व वंदना 04, आधार कार्ड पंजीयन 01, नामांतरण 05, अनापत्ति प्रमाण पत्र 01,आधार कार्ड संशोधन 04, आयुष्मान कार्ड 19, आयुष विभाग द्वारा मरीजो का परिक्षण 77 इस प्रकार 128 आवेदन प्राप्त हुवे है।

# 6 प्रधान आरक्षक बने एएसआई

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, बुरहानपुर पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी एवं रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित ने आज 6 वरिष्ठ प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक, सउनि के पद पर पदोन्नति प्रदान की। इस अवसर पर आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों की वर्दी पर स्टार लगाकर उन्हें नई पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दीं।

**पदोन्नति पाने वाले अधिकारी** :- इस अवसर पर पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में प्र.आर. नवीन सिंह परिहार, प्र.आर. भीमसिंह, प्र. आर. मो.इकबाल, प्र.आर.विनोद पाटिल, प्र. आर. नरेन्द्र चौहान और प्र. आर. शांतिलाल सोलंकी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि पुलिस सेवा में पदोन्नति केवल रैंक में वृद्धि नहीं है,बल्कि यह बढ़ते हुए उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा अब आपकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। पुलिस बल का प्रत्येक सदस्य आमजन की सुरक्षा, कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और न्याय की स्थापना के लिए सदैव समर्पित रहे। आम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता और कार्य के प्रति पूर्ण निष्ठा ही पुलिस की असली पहचान है। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित ,रीडर टू एसपी,स्टेनो टू एसपी, पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पदोन्नत पुलिसकर्मियों को बधाई दी। पुलिस परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



## एक नजर में

### डॉ .सुभाष माने और लता किशोर तंवर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत



**बुरहानपुर ।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी डॉ.सुभाष माने एवं लता किशोर तंवर अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इस मनोनयन पर समाज में भारी उत्साह एवं हर्ष व्याप्त है।डॉ.सुभाष माने मध्य प्रदेश को अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय मंत्री की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट डॉ.प्रतीक्षा सिंह जी ने यह नियुक्ति प्रदान की है। आपके अनुभव, ज्ञान और सामाजिक सरोकारों से संगठन को निश्चित ही नई दिशा व मजबूती मिलेगी। समाज के उत्थान हेतु आपका मार्गदर्शन अमूल्य रहेगा। इस गरिमामय जिम्मेदारी के लिए आपको बहुत.बहुत बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं। श्रीमती लता किशोर तंवर वर्तमान महिला प्रदेश सचिव श्री नारायणी सेना, महाराष्ट्र को संगठन में उनके गुरुजन अनुभव,समाजसेवा की निष्ठा और महिला नेतृत्व क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महिला सशक्तिकरण का स्पष्ट संदेश है। अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्षमोहन फूलडाले जी की अनुशंसा पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रतीक्षा सिंह ;अधिवक्ता, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट द्वारा लता जी का समर्पण और नेतृत्व महिला मोर्चा के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनकी नियुक्ति से संगठन में महिला सहभागिता, सामाजिक उत्थान और जनजागरण को नई दिशा मिलेगी।

## छोटे बालाजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** बुरहानपुर सीलमपुरा स्थित छोटे बालाजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित हुए रात्रि 8.30 बजे भव्य आरती आरती हुई । जिसने यजमान पंडित योगेश टेंभुरने सहित दीपक पंड्या ,अंकित बाहेती ,दिलीप भाई ,मुकेश भाई ,भारत रावल सहित मोहल्ले वासी और भक्तजन उपस्थित रहे।उक्त जानकारी मंदिर के मीडिया प्रभारी मोहन सिंह रघुवंशी दी।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करना लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याया : टॉक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। यह केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया, निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार करार दिया। कांग्रेस सड़क से संसद तक आवाज उठाएंगी। यह बात कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष शहर रिंकू टांक ने जिला स्तर पर आयोजित पत्रकारवार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि एक परिवारवाद पर नामांकन निरस्त करना लोकतंत्र की हत्या करना है ? । जिस प्रकार की आपत्तियों और व्याख्याओं के आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गया। उसने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष,कांग्रेस महासचिव एवं



मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी सहित कांग्रेस नेतृत्व ने लगातार सवाल किया है । कांग्रेस जिला प्रभारी ग्यारसीलाल रावत,कांग्रेस के पूर्व महासचिव अजय सिंह रघुवंशी , पूर्व विधायक हमीद काजी ने कहा कि प्रतिवादी औरट अभियुक्त की स्थिति कानूनी प्रश्न उत्पन्न करती है। पार्टी का कहना है कि नामांकन निरस्त करने का कारण कानून के प्रावधानों और उनकी व्याख्या से मेल नहीं खाता। कांग्रेस ने यह भी कहा कि यदि किसी उम्मीदवार का नामांकन ऐसे आधारों पर निरस्त किया जाता है। जिनकी स्पष्ट अपेक्षा नामांकन प्रपत्र में नहीं है, तो यह भविष्य में अनिश्चितता और मनमानी पैदा कर सकता है।

कांग्रेस मीडिया प्रभारी तफ्ज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने कहा कि चुनाव आयोग को जगाने के साथ लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा भैया, निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव,ब्लॉक अध्यक्ष वाजिद इकबाल,कांग्रेस नेता सलीम कॉटनवाला,अकील आलिया, उपसभापति फहीम हाशमी, मीडिया प्रभारी तफ्फ्जुल हुसैन मुलायम वाला ,आशीष भगत,दीपक जंगाले सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस का फ़्लैग मार्च

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस फ़ोर्स द्वारा ग्राम पतोंडा में आगामी त्यौहारों मोहर्रम पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना लालबाग अंतर्गत ग्राम बिरोदा में थाना स्टाफ , थाना क्षेत्र के कोटवारों एवं विशेष पुलिस अधिकारियो के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में होते हुए फ़्लैग.मार्च निकाला गया।

यह फ़्लैग.मार्च पंचायत से प्रारंभ होकर पठान वाडी, इच्छापुर गली, माजिद के सामने से ,ज्योति बाई फुले चौक ,महादेव गली, से पुनः ग्राम पंचायत बिरोदा पर समाप्त किया गया।



फ़्लैग मार्च में सिटी मजिस्ट्रेट राजेश पाटीदार, नगर पुलिसअधीक्षक गौरव पाटिल तहसीलदार प्रवीण ओहरिया, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित थाना प्रभारी लालबाग अमित सिंह जादौन थाना स्टाफ , थाना क्षेत्र के कोटवारों एवं विशेष पुलिस अधिकारियो सम्मिलित हुए। बुरहानपुर पुलिस कि आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पुरुषोत्तम मास कथा समापन : प्रियांक सिंह ने दिया 51 हजार दान

**बुरहानपुर ।** पुरुषोत्तम मास ;अधिक मास के पावन एवं दिव्य अवसर पर श्री उदासीन आश्रम, नागझिरी, बुरहानपुर में आयोजित ज्ञानमय दर्शन एवं प्रवचनमाला का भव्य समापन समारोह आज संपन्न हुआ। 17 मई से प्रारंभ हुई यह कथा 15 जून को पूर्ण हुई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस आध्यात्मिक यात्रा ने भक्तों के हृदयों को प्रभु भक्ति,ज्ञान और वैराग्य की गंगा से सिंचित किया। समारोह में उदासीन आश्रम समिति के सदस्य ठाकुर प्रियांक सिंह ने मंदिर निर्माण एवं विकास हेतु 51,000/- रुपये का नगद दान दिया। व्यास पीठ पर विराजमान स्वामी योगेश्वरानंद महाराज ने ठाकुर प्रियांक सिंह का हार्दिक स्वागत किया



और उनकी इस पुण्यात्मा सेवा की सराहना की। महंत पुष्करानंद महाराज ने भी समिति सदस्य का स्वागत करते हुए उनको आशीर्वाद दिया। पुरुषोत्तम मास भगवान श्रीकृष्ण द्वारा स्वीकृत विशेष मास है,जिसमें की गई साधना, कथा.श्रवण,आरती और दान करोड़ों पुण्यों के समान फल प्रदान करते हैं। पूरे मास भर आश्रम में ज्ञानमय प्रवचन,दर्शन और भक्ति कार्यक्रम चले, जिनमें संतों के मुखारविंद से ज्ञान.गंगा बहती रही। महंत पुष्कारानंद स्वामी ने बताया श्री उदासीन आश्रमए उदासीन संप्रदाय का एक महत्वपूर्ण केंद्र है,जहां नियमित रूप से धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियां संचालित होती है।देवताले व प्रकाश पालीवाल ने कहा पुरुषोत्तम मास जैसे अवसरों पर यहां का वातावरण विशेष रूप से पावन हो जाता है।

### यह कैसा पोस्टमॉर्टम : नगर में स्थित पोस्टमॉर्टम रूम में न ही खिड़की न दरवाजे, होती है परेशानी



**नेपानगर।** नगर के युवाओं ने जब आंदोलन किया था तब नगर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिली थी, लेकिन अब तक भी इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संसाधन और सुविधाओं की खासी कमी बनी हुई तो वहीं नगर में स्थित बिना खिड़कीए दरवाजे वाला पोस्टमार्टम रूम भी खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल नगर का पोस्टमोर्टम रूम जर्जर अवस्था में है। यहां न तो खिड़की है न ही दरवाजे हैं। इससे कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ से 2 साल से यही स्थिति है। अगर कोई शव पोस्टमोर्टम के लिए लाया जाता है तो पुलिस या परिजनों को तब तक ड्यूटी करनी पड़ती है जब तक पीएम नहीं होता,क्योंकि शव के पास नहीं रहने पर जंगली जानवरो या आवारा पशुओं के हमले का खतरा बना रहता है। खास बात यह है कि जिम्मेदारों को इसकी कई बार शिकायतें की जा चुकी है, लेकिन इस तरफ किसी का भी ध्यान नहीं है। नगर पालिका नगर में करोड़ों के विकास के दावा करती है, लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण स्थान का संज्ञान न तो सीएमओ ने लिया न ही नगर पालिका अध्यक्ष ने, जिससे लोगों में आक्रोश भी पनप रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी तो यहां पहले से ही देखी जा सकती है। **किसी भी दिन हो सकता है हादसाः**-नेपानगर शहर का अधिकांश हिस्सा वन क्षेत्र से लगा हुआ है। अकसर वन क्षेत्र से वन्यप्राणाी पानी की तलाश में गांव, शहर तक आ जाते हैं। ऐसे में किसी भी दिन कोई बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए मांग की जा रही है कि यहां पोस्टमार्टम रूम की स्थिति सुधारी जाना चाहिए। **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने कहा. अफसरों को अवगत कराया:**-इसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेपानगर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ हिमांशु चौधरी ने कहा इसकी सूचना हमने अपने उच्च अधिकारियों को दे दी है। मामला अधिकारियो के संज्ञान में है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि समस्या का निराकरण जल्द ही करेंगे।

### तीर्थ दर्शन योजना में वैष्णोदेवी यात्रा, 19 जून करें आवेदन

**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बुरहानपुर जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए माता वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 3 जुलाई से 8 जुलाईए 2026 तक संपन्न होगी। यात्रा हेतु जिले को 191 यात्रियों का कोटा प्राप्त हुआ है। योजना अंतर्गत इच्छुक एवं पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 जून 2026 है। पात्र नागरिकों से अपील है कि वे निर्धारित समय.सीमा से पूर्व अपने संबंधित निकायों में आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ प्राप्त करें। प्राप्त जानकारी अनुसार विभिन्न निकायों में प्राप्त आवेदनों की स्थिति इस प्रकार है कि नेपानगर में 29, शाहपुर में 4,बुरहानपुर में 32, खकनार में 5, नगर निगम बुरहानपुर में 16 आवेदन प्राप्त हुए है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष : प्रबुद्धजन से मुलाकात



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मोदी के कार्यकाल के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर महापौर माधुरी पटेल ने शहर के प्रबुद्धजनो से संपर्क अभियान निरंतर जारी है। नगर कि प्रथम नागरीक,महापौर माधुरी अतुल पटेलद्वारा भागवत भूषण श्री हरिकृष्ण मुखिया, प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार जैन, शिक्षाविद् श्आस्था महेन्द्र राय, नम्रता कमलेश पटेल, डॉ. सुरेखा पुनीवाला, डॉ. नीता सुनिल पाटील सहित अन्य से निरंतर मुलाकात करके उन्हे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धीयों से अवगत कराते हुवे उनसे उनके विचार जाने। इस दौरान पूर्व महापौर अतुलभाई पटेल, पुर्व पार्षद करूणा अशेक भटट, संदीप पाटील सहित अन्य भाजपा नेता,जनप्रतिनिधी,पार्षद ,कार्यकर्ता साथ थे। सभी ने नेरन्द्र मोदी सरकार के कार्यो की भूरी -भूरी प्रशंसा करते हुवे जमकर तारीफ की।

## श्री पुरुषोत्तम मास अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पूर्ण

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** श्री सकलपंच विसालाड समाज द्वारा श्री विसालाड गणपति वाड़ी में आयोजित श्री पुरुषोत्तम मास अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में महिला.पुरुष, युवा एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 5.00 बजे उपस्थितजनों के द्वारा पुरुषोत्तम नामावली से हुआ। सायं 7.00 बजे परम पूज्य वल्लभकुल कौस्तुभ श्री श्री 108 श्री शिशिर कुमार महाराजश्री के पधारने पर उनका पुष्प वर्षा से सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इसके पश्चात महाराजश्री के शुभ हस्तों द्वारा भगवान श्री पुरुषोत्तम के अन्नकूट की भव्य महाआरती संपन्न हुई। आरती के उपरांत समाज की ओर से श्री अतुल लाड़ एवं लाड़ क्षेत्रीय परिषद अध्यक्ष श्री गोवर्धन दास श्रॉफ द्वारा महाराजश्री को स्वागत भेंट अर्पित की गई। कार्यक्रम संयोजक चंद्रकांत श्रॉफद्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात महाराजश्री ने अपने प्रेरणादायी



आशीर्वचनों में पुरुषोत्तम मास के महत्व, धर्म, सेवा एवं सत्संग के विषय में प्रकाश डालते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया। अन्नकूट सामाग्री सिद्ध करने पर महाराज श्री द्वारा श्रीमती सीता बेन कपाड़िया का शाल पहना कर स्वागत किया गया। आशीर्वचन के उपरांत समाजजनों ने महाराजश्री के चरणस्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती ज्योति श्रॉफ,उषा श्रॉफ, रंजना बजाज, ममता कपाड़िया, रेखा श्रॉफ एवं ललिता मेहता द्वारा श्रीवल्लभ की सामूहिक आरती संपन्न हुई तथा महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज सचिव संजय शाह ने किया एवं कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी समाजजनों, महिला मंडल, युवा एवं विभिन्न समितियों के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ तथा अंत में सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## एक नजर

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई मजबूती, जिले के नागरिकों को होंगी सुविधाएं

## विधायक के सतत प्रयासों से जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में हाईटेक आईसीयू का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध द्वारा जिला चिकित्सालय बुरहानपुर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार एवं मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय जिला चिकित्सालय में 5 बिस्तरीय अत्याधुनिक आईसीयू ,इंटेंसिव केयर यूनिट का संचालन प्रारंभ हो गया है, जिससे जिले के गंभीर एवं अति गंभीर मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही उन्नत चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।





चिटनिस ने विगत दिनों जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों एवं चिकित्सकों की बैठक लेकर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के विस्तार, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, गंभीर मरीजों के उपचार की बेहतर व्यवस्था तथा मरीजों एवं उनके परिजनों को होने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए थे। उन्होंने अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया था। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप जिला चिकित्सालय में अत्याधुनिक आईसीयू की सुविधा प्रारंभ हुई है। आईसीयू में वेंटिलेटर, हाई.फ्लो ऑक्सीजन सिस्टम, मल्टीपैरामीटर मॉनिटर,इन्फ्यूजन पंप, डिफिब्रिलेटर, पोर्टेबल एक्स.रे मशीन सहित विभिन्न आधुनिक जीवनरक्षक उपकरण स्थापित किए गए हैं। साथ ही प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं 24 घंटे आरएमओ की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला चिकित्सालय को दो एम.डी.मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ.तबरेज शेख एवं डॉ.इकराम.उल.हक की सेवाएं भी प्राप्त हुई हैं। इनके पदस्थापन से गंभीर मरीजों के उपचार को नई मजबूती मिलेगी तथा मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श एवं उपचार के लिए अन्य शहरों पर निर्भरता कम होगी। अस्पताल प्रशासन द्वारा 24 घंटे ऑन.कॉल एम.डी. मेडिसिन विशेषज्ञों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। जिला चिकित्सालय में आईसीयू की शुरुआत एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आगे भी अस्पताल में आवश्यक संसाधनों एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंग,ताकि जिले के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार अपने ही शहर में उपलब्ध हो सके। जिले के नागरिकों ने जिला चिकित्सालय में प्रारंभ हुई इस नई सुविधा का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## आज जनकल्याण शिविर

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** 16 जून दिन मंगलवार को जनपद पंचायत खकनार अंतर्गत ग्राम पंचायत मांजरोद खुर्द, डोईफोड़िया, सीवल, नावरा, निमंदड में वहीं जनपद पंचायत बुरहानपुर के ग्राम पंचायत जसौंदीए जैनाबाद, बंभाडा और जनपद पंचायत बुरहानपुर में शिविर आयोजित रहेंगे।

इसी कड़ी में नगर निगम बुरहानपुर अंतर्गत शिवाजी भवन लालबाग एवं अम्बेडकर भवन आलमगंज वार्ड में, नगर पालिका परिषद नेपानगर अंतर्गत नवीन कार्यालय भवन में तथा शाहपुर में वार्ड क्रमांक. 6 महाराणा प्रताप, वार्ड क्रमांक. 15 रानी लक्ष्मीबाई आदि स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जायेगा।